### ब्रीफ खबरें

## सीएमडी ने एचडीएफसी के नए परिसर का किया उद्घाटन



धनबादः बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने एचडीएफसी की सरायढेला का नए परि`सर का किया उद्घाटन. इस दौरान सीएमडी समीरन दत्ता ने अपने संबोधन में बैंक शाखा खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा के साथ क्षेत्र में बेहतर विकाश होगा.उन्होंने कहा की एक बड़े जिम्मेदार कॉरपोरेट होने के नाते बीसीसीएल क्षेत्र के सभी सूक्ष्म ,लघु और मध्यम उद्यम को प्रोत्सोहान देने के लिए प्रतिबद्ध है.वहीं बैंक के अंचल प्रमुख अभिषेक कुमार ने कहा की इस शाखा में बैंकिंग की सारी सुविधा दिया जाएगा .मौके पर कंपनी सेक्रेटरी बीसीसीएल बीके पारूई,बैंक क्लस्टर हेड रोहित कुमार,शाखा प्रबंधक रोहित कुमार सिंह,बीसीसीएल के वित्त/ भुगतान अधिकारी पंकज कुमार सिंह सहित स्थानीय मौजूद थे.

## 150 लोगों को मिलेगा निःशुल्क कृत्रिम अंग

**धनबाद ।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद और श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता केंद्र रांची द्वारा उम्मीद की किरण 2024 नामक तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर 20 से 22 सितंबर तक जोराफाटक रोड स्थित जैन मिलन में आयोजित किया जाएगा. इस शिविर में 150 लोगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे. बुधावर को धनसार में प्रेस वार्ता आयोजन कर रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास ने बताया कि क्लब 2008 से निःशुल्क कृत्रिम अंग केंद्र चला रहा है और अब तक 5000 से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया गया है. इस वर्ष केंद्र ने इस अंग शिविर में एलएन4 हाथ को भी शामिल किया है. रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के कृत्रिम अंग सेंटर का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों का कल्याण सुनिश्चित करना है. केंद्र का लक्ष्य ऐसे लोगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करना और उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपना जीवन पूरी तरह से जी सकें. वर्तमान में केंद्र सप्ताह में एक दिन प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होता है.

## भगवान आदिनाथ की निकली पालकी यात्रा

**कतरास।** जैन धर्मावलंबियों का दस दिवसीय पर्युषण पर्व संपन्न हो गया है. समापन के दिन बुधवार को बाबा आदिनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें जैन समाज के महिला और पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए. पर्व के दौरान जैन मंदिर में नित्य सामूहिक पूजन और कलश अभिषेक किया गया. रात में भगवान महावीर की आरती की गई. पर्व के अंतिम दिन भगवान आदिनाथ की कलश अभिषेक करने के बाद पूजन किया गया. अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने एक दिन का सामूहिक उपवास किया. पालकी यात्रा में प्रदीप पाटोदी, स्वरूप पहाड़िया, कमल पहाड़िया, जय कुमार पहाड़िया, सुनील पाटोदी, अमर सेठी, रॉकी सेठी धन्नू छाबड़ा, प्रदीप सेठी, विपिन रारा, छोटू रारा, प्रदीप रारा, आनंद काला, लक्की काला, विजय काला, शांति लाल, कपूर पहाड़िया, बिन्नू जैन, राजू रारा समेत जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

### बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण मूसलाधार बारिश, डैमों पर बढ़ा दबाव

# मैथन और पंचेत डैम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचा

- दोनों डैम से भारी मात्रा छोड़ा जा रहा पानी

**संवाददाता । मैथन**



बढ़ते जलस्तर को देखते हुए डीवीसी के एमआरओ विभाग नजर रख रहा

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण लगातार तीन दिनों की मूसलआधार बारिश हुई, जिससे डीवीसी के मैथन एवं पंचेत डैम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया है. बढ़ते जलस्तर को देखते हुए केन्द्रीय जल आयोग के निर्देश पर डीवीसी के एमआरओ विभाग ने दोनों डैम का फाटक खोल दिया है. पानी छोड़े जाने से पूर्व डीवीसी प्रबंधन ने पश्चिम बंगाल सरकार को अलर्ट कर दिया था, जिससे समय रहते तटीय इलाके में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा सके. लगातार है. हर पल की सूचना केंद्रीय जल आयोग को भेजी जा रही है.

केन्द्रीय जल आयोग के अधिकारियों के अनुसार अभी चिंता की कोई बात नहीं है. बारिश थम गई है, दो-तीन दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी.

लगातार मूसलाधार बारिश के कारण दोनों डैमों में भारी मात्रा में पानी आ रहा है. स्थिति को देखते हुए दोनों डैम की सुरक्षा के लिए एहतियातन कदम उठा लिए गए थे.

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मैथन डैम का जलस्तर 16 सितंबर की सुबह 6 बजे तक बढ़कर 484.88 फीट हो गया था. 17 सितंबर की सुबह 6 बजे तक 493.96 फीट तक पहुंच गया था. इस तरह 24 घंटे के अंदर करीब 9 फीट बढ़ गया. मैथन डैम का खतरे का निशान 495 फीट है. पंचेत डैम का जलस्तर 16 सितंबर की सुबह 6 बजे 411.89 फीट था, जो बढ़कर 17 सितंबर की सुबह 6 बजे तक 421.83 फीट हो गया. पंचेत डैम का खतरे का निशान 425 फीट है. लगातार पानी इकट्ठा होनों से दोनों डैम पर दबाव बढ़ रहा था. ऐसे में दबाव कम करने के लिए मैथन डैम से 219975 एकड़ फीट और पंचेत डैम से 249033 एकड़ फीट पानी छोड़ा गया. तब जाकर दोनों डैम के बढ़ते जलस्तर पर काबू पाया जा सका .

18 सितंबर की सुबह मैथन डैम का जलस्तर 490.91 फीट और पंचेत डैम का जलस्तर 423.90 फीट मापा गया. मैथन डैम में 159831 एकड़ फीट एवं पंचेत डैम में 249033 एकड़ फीट पानी अभी भी आ रहा है.

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, चार घायल

- बीस फुट ऊपर जाकर नीचे सड़क पर गिरा युवक

**संवाददाता । निरसा**



निरसा थाना अंतर्गत शासनबेड़िया मोड़ के समीप एनएच-2 पर मंगलवार की शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई तथा कार में सवार चार लोग लोग घायल हो गए. बाइक का नंबर ( जेएच 10 एन 8372 ) है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्विफ्ट कार धनबाद की ओर जा रही थी. तभी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार पांच फीट ऊपर जाकर नीचे सड़क पर गिरा, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक गोविंदपुर के परासी का रहने वाला था. वहीँ कार में सवार चार लोग मामूली रूप से घायल हो गये.

बाइक और स्विफ्ट कार पानी भरा गड्ढे में जा गिरा. टक्कर में दोनों वाहनों के परख्च्चे उड़ गए. पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही स्थानीय लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला. मौका देखकर कार में सवार चारों लोग भाग निकले. खबर पाकर निरसा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मना पीएम का जन्मदिन

- पीएम का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत : राज सिन्हा

**संवाददाता । धनबाद**



धनबाद विधायक राज सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जगजीवन नगर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा, देश के प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को भाजपा सेवा पर्व के पखवाड़े के रूप में मना रही है. प्रत्येक वर्ष भाजपा नागरिकों के कल्याण और मानवता की सेवा के जज्बे के साथ प्रतिबद्धता के रूप में मानती है. उन्होंने कहा कि नेशन फर्स्ट की पावन भावना से ओत-प्रोत अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की सिद्धि को समर्पित, प्रधानमंत्री का जीवन हर क्षण हमारे लिए प्रेरणा है. हम सभी को सदैव प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन मिलता रहे. मोदी ने विश्व में भारत का लोहा मनवाया, आज पूरा विश्व मोदीमय है. इस अवसर पर उपस्थित अन्य भाजपा नेताओं में गिरिडीह के निवर्तमान महापौर सुनील पासवान, जिला महामन्त्री मानस प्रसुन, जिला मंत्री अभिमन्यु कुमार, रीता यादव, पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, मनोज मालाकार, नरेंद्र त्रिवेदी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विभा रानी सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## रागिनी ने बच्चों संग मनाया मोदी का जन्मदिन



**झरिया ।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने झरिया स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाया. रागिनी सिंह ने गरीब बच्चों के साथ केक काट कर नरेंद्र मोदी का 74 वा जन्मदिन मनाया. इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित थे. रागिनी सिंह बच्चों के बीच मिठाई, कॉपी पेंसिल बांटी. रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का आज 74वां जन्मदिन है. साथ ही आज विश्वकर्मा पूजा भी है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से भगवान विश्वकर्मा ने विश्व का शिल्प किया था, स्वर्ग के भवनों का निर्माण किया था, उसी तरह से भारत को स्वर्ग बनाने के लिए नरेंद्र मोदी गरीब, गुरबा, किसान, छात्र के साथ ही थल, जल, नल, राष्ट्र को मजबूती देने के लिए रात-दिन काम कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी देश की सेवा के लिए बिना रुके काम कर रहे हैं. उनकी सेवा से प्रेरित होकर ही जन्म दिन पर सेवा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है. मौके पर भाजपा के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे.

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर सांसद ने मरीजों के बीच बांटे फल



**धनबाद ।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फलों का वितरण किया. इस दौरान भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे. वार्डों में जाकर मरीजों से उनका हाल चाल पूछकर फल दिया गया. मौके पर ढुल्लू महतो ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की सेवा के लिए बिना रुके काम कर रहे हैं. उनकी सेवा से प्रेरित होकर ही जन्म दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है.

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान

**धनबाद ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल के नेतृत्व में किया गया. जिसमें मुख्य रूप से धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रभारी सुनील पासवान, निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, रूपेश सिंहा, मानस प्रसून, अमलेश सिंह उपस्थित हुए. शिविर में कुल 66 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया .मौके पर महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन आज पूरा विश्व मना रहा है. यह प्रधानमंत्री के रूप में नहीं प्रधान सेवक के रूप में जनता के बीच कार्य कर रहे हैं. सेवा, संकल्प और समर्पण के साथ सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, इस अद्भुत विचार के साथ लगातार देश की सेवा कर रहे हैं. मोदी देश को वैश्विक पटल पर मान सम्मान देने का कार्य किया. कार्यक्रम में नितिन शर्मा, सूरज पासवान, साकेत श्रीवास्तव, कौस्तभ बर्मन, गोलू सिंह, भीम राय, जीत सोनी, चेतन शर्मा, राकेश चंद्रवंशी, विद्युत हजारी, नीरज शर्मा आदि उपस्थित थे.

## गंदे पानी की सप्लाई से शहरवासी परेशान

**धनबाद ।** शहर में बुधवार को गंदा पानी सप्लाई हुआ. पानी इतना गंदा है कि लोग पी नहीं पा रहे है. सारा पानी घरेलू कामों में ही उपयोग किया गया. लगातार बारिश के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है. बिजली भी इन दिनों घंटों देर कट रही है. इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गयी है. शहर में 19 जलमीनार के माध्यम से चार लाख से अधिक आबादी को सप्लाई पानी मिल रहा है. कार्यपालक अभियंता जेसन होरो का कहना है कि पिछले चार दिन से लगातार बारिश होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है. मैथन से रॉ वाटर भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट में काफी गंदा आ रहा है. इसे देखते हुए प्लांट में एलएम, चूना, क्लोरिन की मात्रा पूर्व की भांति बढ़ाने का आदेश दिया गया. एक से दो दिन में गंदा पानी की समस्या खत्म हो जाएगा. लोगों को पानी पूरी तरह से साफ मिलेगा. जिससे लोग पी सकते है.

# स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने सदर अस्पताल धनबाद का किया निरीक्षण

**संवाददाता । धनबाद**



- एनएचएम और पैरामेडिकल स्टाफ की होगी बहाली

स्वास्थ्य विभाग झारखंड के निदेशक प्रमुख डॉ. चंद्र किशोर शाही ने मंगलवार को सदर अस्पताल धनबाद का निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल की बिल्डिंग को सदर अस्पताल चलाने के लिए उपयुक्त नहीं पाया. निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि यह बिल्डिंग मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) के लिए है. सदर अस्पताल और एमसीएच के लिए अलग-अलग बिल्डिंग होनी चाहिए. अस्पताल में बेड की कमी है, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि यहां नजीदक में ही मेडिकल कॉलेज है. इसलिए एमसीएच और सदर अस्पताल अलग-अलग नहीं है.

डॉ. शाही ने कहा कि अस्पताल में एनएचएम और पैरामेडिकल स्टाफ की बहाली की जाएगी. इस दौरान उन्होंने अस्पताल में खुले नाले को नगर निगम से ठीक करवाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में मरीजों को दवाएं मिल रही हैं, लेकिन एक करोड़ फंड रिलीज नहीं होने से कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं. उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया. आकस्मिक और प्रसव कक्ष में आवश्यक सुधार का भी निर्देश दिया गया. निरीक्षण के क्रम में वे पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थिएटर, दंत विभाग ओपीडी, नेत्र विभाग, टीबी सेंटर, हॉस्पिटल के बेड, दवा, उपकरण का भी निरीक्षण किया. इस दौरान सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन भी साथ थे.

## एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में छात्राओं का हंगामा

**संवाददाता । धनबाद**



धनबाद थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड स्थित एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में बुधवार की दोपहर छात्राओ ने शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमकर हंगामा और नारेबाजी किया . जहां कॉलेज परिसर में छात्राए की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई. बताया जाता है कि सत्र 2021-24 के साइकोलॉजी ऑनर्स के सेमेस्टर- 6 की छात्राएं प्रैक्टिकल में फेल हो गई. जिसके बाद नाराज छात्राएं ने कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा किया. मौके पर छात्राएं ने मीडिया को बताया कि सेमेस्टर-6 के कुल 21 छात्राएं को प्रैक्टिकल में 2 से 3 नंबर ही दिया गया है . जिस कारण सभी छात्राएं फेल हो गई है. वहीं कॉलेज प्रबंधक ने मीडिया को बताया कि किसी भूलवस सभी छात्रों को दो से तीन नंबर दिया गया है, जबकि कुल छात्राएं को कॉलेज द्वारा पास कर दिया जाएगा . मामले की जानकारी मिलने पर एनएसयूआई के गोपाल कुमार मौके पर पहुंचे और मामले को समझकर कॉलेज प्रबंधन से बात की.

## दुर्गापूजा समिति की बैठक संपन्न

गोविंदपुर। गोविंदपुर वाणी मंदिर दुर्गापूजा समिति की बैठक मंगलवार को बलराम प्रसाद साव की अध्यक्षता मे हुई. इसमें इस वर्ष के लिए नई कमेटी गठित की गई. इसमें नितेश गुप्ता अध्यक्ष, संदीप साव उपाध्यक्ष, जग्गू साव सचिव, सोनू साव एवं गौतम कुमार सहसचिव, चीकू अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा अमित गर्ग सह कोषाध्यक्ष जीतू गुप्ता पूजा प्रभारी तथा संरक्षक मंडली में 11 सदस्यों का चुनाव किया गय. इसी तरह विलेज रोड दुर्गापूजा समिति में विपिन कुमार रजक अध्यक्ष, रमेश कुमार उपाध्यक्ष, बैजनाथ साधु सचिव, भोलू बाउरी सहसचिव, मनोज दे कोषाध्यक्ष व कल्याण चक्रवर्ती सह कोषाध्यक्ष चुने गये.

# राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी, चार एनडीए नेताओं पर कांग्रेस ने दर्ज कराया एफआईआर

### खास बातें

- हत्या की धमकी देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- राहुल गांधी के खिलाफ बयानबाजी पर विवाद

**संवाददाता । धनबाद**



धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बुधवार को सदर थाने में एनडीए के चार नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है. लिखित शिकायत में संतोष सिंह ने भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह पर आरोप लगाया है कि मारवाह ने भाजपा के एक कार्यक्रम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ खुले तौर पर हत्या की धमकी दी है उन्होंने कहा है कि ₹राहुल गांधी बाज आजा, नहीं तो आने वाले टाइम में तेरा भी वही हाल₹ होगा जो तेरी दादी का हुआ". इसके साथ ही शिंदे सेना के विधायक संजय गायकवाड़, रेल राज्य मंत्री रणवीत बिट्टू एवं यूपी सरकार के मंत्री रघुराज सिंह पर एफआईआर दर्ज कराया है. संतोष सिंह ने कहा कि भाजपा नेताओं और उसके सहयोगियों द्वारा जारी बयान/धमकियाँ, जिसमें राहुल गांधी की हत्या या उन्हें शारीरिक रूप से घायल करने का आह्वान किया गया है, देश के नेताओं को आतंकवादी कहा गया है यह भाजपा गठबंधन की व्यक्तिगत नफरत को दर्शाता है.

राहुल गांधी के खिलाफ इस तरह का बयान देने के पीछे आम जनता में अशांति पैदा करना, दंगे भड़काना, शांति भंग करना आदि ही उद्देश्य है. नफरत भरी टिप्पणियों के बावजूद, राहुल गांधी लगातार इससे संबंधित मुद्दे उठाते रहे हैं. उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता पर ऐसी घृणा से भरी टिप्पणी करने के लिए ऐसे नेताओं को नियुक्त किया गया है. इसके अलावा, उक्त घटनाओं के माध्यम से, भाजपा/उसके सहयोगी नेताओं का उद्देश्य विपक्ष के नेता की सुरक्षा को खतरे में डालना है. साथ ही पूरे देश में सार्वजनिक शांति को भंग करना है.

### एक पेड़ माँ के नाम | धनबाद में पर्यावरण संरक्षण की पहल

# निगम ने मनाया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

### खास बातें

- पांच हजार किए गए पौधरोपण
- जनप्रतिनिधियों की भी रही भागीदारी

**संवाददाता । धनबाद**




नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत निगम के सभी 55 वार्डो में एक पेड़ माँ के नाम पांच हजार पौधे लगाए गए. कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को सैकडों पौधे लगाए गए. इस दौरान सभी वार्डो में जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही. एक पेड़ माँ के नाम लगाने में नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, स्वच्छता पर्यवेक्षक समेत निगम के कर्मी मौजूद रहे. इस दौरान धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो शामिल हुए. जनप्रतिनिधियों ने निगम के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यदि सभी लोग एक पेड़ माँ के नाम पर लगाते हैं तो उसकी सेवा और सुरक्षा भी करेंगे. जिससे पर्यावरण से प्रदूषण काफी कम हो जाएगा.

इस अभियान का मकसद माताओं को सम्मान देना और पर्यावरण की स्थिरता बढ़ाना है. प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है. पेड़ हमें जीवन दायिनी ऑक्सीजन देते हैं. पानी और भोजन के बिना कुछ दिनों तक ज़िंदा रहा जा सकता है, लेकिन ऑक्सीजन के बिना कुछ पल में ही मौत हो जाती है.

# 90 किलो केबल लदा ऑटो जब्त चालक समेत दो गिरफ्तार



**संवाददाता । निरसा/ चिरकुंडा**

निरसा अनुमंडल क्षेत्र के एसडीपीओ रजत माणिक बाखला के नेतृत्व में गठित एक पुलिस टीम ने मंगलवार को चिरकुण्डा थाना अंतर्गत नन्दलाल स्कूल के पास से करीब 90 किलोग्राम केबल तार लदा एक ऑटो को जब्त किया. साथ ही ऑटो चालक समेत एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया. ऑटो का नंबर (जेएच 10 एजेड 9350) है. गिरफ्तार ऑटो चालक करीम अंसारी और दूसरा व्यक्ति मो. इम्तियाज से पुलिस ने कड़ी पूछताछ की तो दोनों ने केबल चोरी से जुड़े अन्य 12 लोगों के नाम बताए. मामले की चिरकुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. बता दें कि इन दिनों चिरकुण्डा थाना अंतर्गत कोलियरियों में तांबा, लोहा एवं एल्यूमिनीयम तार की चोरी घटना काफी बढ़ गई है. वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद ने टीम गठित कर केबल चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया था. पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा चिरकुंडा थानेदार रामजी राय, अर्जुन कुमार सिंह, निरंजन कुमार सिंह, शिवकुमार, अरुण कुमार मेहता, मनोज कुमार किस्कू समेत अन्य पुलिस जवान शामिल थे.






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, गुरुवार 19 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 161

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**ब्रीफ खबरें**

### डेंगू के 7 नए मरीज मिले एसएमएमएमसीएच में भर्ती

**धनबाद।** तीन दिनों तक मूसलाधार बारिश के कारण धनबाद जिले में डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है. बुधवार को डेंगू के सात नए मरीज मिले., जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है. बुधवार को अलग-अलग जगहों से एकत्रित सैंपलों की जांच एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में की गई, जिसमें सात लोग डेंगू पॉजीटिव पाए गए.

### रेडक्रॉस सोसाइटी की टीम ने राज्यपाल से की मुलाकात

**धनबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी धनबाद की पांच सदस्यीय टीम ने झारखंड के राज्यपाल सह रेडक्रॉस सोसाइटी झारखंड के अध्यक्ष संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की. टीम का नेतृत्व कार्यकारिणी अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह ने किया. इस दौरान धनबाद शाखा के विस्तार और आजीवन सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर चर्चा हुई.

### कोलकाता में कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड की बैठक

**धनबाद :** सीआईएल मुख्यालय में सेफ्टी बैठक आयोजित की गई, जिसमें इम्मा एसोसिएशन सहित विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. सीआईएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य आरके शर्मा ने छह मुख्य मांगें रखीं. मांगों में 2007 के पहल पर मुख्य महाप्रबंधक का पद बहाल करना, कांट्रेक्टर वर्कर्स को रेस्क्यू ट्रेनिंग और फर्स्ट एड प्रदान करना शामिल हैं.

### बीसीसीएल में हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**धनबाद :** बीसीसीएल मुख्यालय के सभागार में बुधवार को राजभाषा अधिकारी और कर्मियों के लिए हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतियोगिता में दर्जनों कर्मचारियों के साथ अधिकारी शामिल हुए. कार्यक्रम में बीसीसीएल मुख्यालय के जीएम (भूसंपदा) नंद लाल अग्रवाल मौजूद थे. कार्यक्रम के माध्यम से कर्मियों और अधिकारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए उत्साहित किया गया.

### सड़क दुघर्टना में घायल महिला की मौत

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के बोकारो-राजगंज फोरलेन मुख्य सड़क मार्ग पर सीनीडीह पंच मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में घायल महिला की दुर्गापुर में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई.

### युवक ने गाय का काटा पैर, किया पुलिस के हवाले

**धनबाद/भूली :** धनबाद के नया बाजार कबाड़ी पट्टी में एक युवक ने राजकुमार नामक व्यक्ति की गाय पैर काट दिया. मंगलवार सुबह जब इस बात की जानकारी राजकुमार और आसपास के लोगों को हुई तो हंगामा शुरू हो गया. युवक की करतूत एक सीसीटीवी में कैद जो गई. इसी के आधार पर युवक की पहचान नया बाजार निवासी राजा कुरैशी के रूप में हुई. गुस्साए लोगों ने उसे पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया.

**शंकर रवानी हत्याकांड :** संजय सिंह की बेल पिटीशन हुई रिजेक्ट

## दो माह बाद भी शूटरों तक नहीं पहुंच पाई बोकारो पुलिस

- पुलिस ने छपरा से गाड़ी मंगवा के बगराइई बेड़ा से दिखाई जब्ती
- छपरा से वाहन को लाने के लिए ड्राइवर को दिए थे 3000 रुपये

**रजत नाथ। बोकारो**











स्लैग डैम में वर्जस्व और आपसी अदावत के परिणति में हुए शंकर रवानी हत्याकांड में पुलिस ने लोकल लिंक और हत्याकांड के साजिशकर्ता भाजपा नेता राजू दुबे सहित अशोक सम्राट व अन्य को पकड़ने में कामयाब तो हुई लेकिन दो माह से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद शूटरों तक पहुंचने में असफल रही है. वहीं इस कांड में डॉरमेंट साजिशकर्ता संजय कुमार सिंह ने खुद को एक दूसरे केस में कोर्ट में सरेंडर किया और पुलिस को कानों कान खबर नहीं मिली. सेक्टर 12 पुलिस और हरला थाना पुलिस ने इस दरमियान जेल में बंद संजय सिंह को कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की है. संजय सिंह ने अपने बेल के लिए पेटीशन की अर्जी 17 सितंबर को लगाई थी लेकिन कोर्ट ने उसे रिजेक्ट कर दिया. पुलिस द्वारा कोर्ट में समर्पित जब्ती सूची में गाड़ी जेएच09एटी-0188 को बगराई बेड़ा के सरस्वती अपार्टमेंट के ग्राउंड पार्किंग स्थल से विगत 24 अगस्त 2024 को जब्ती दर्शाया गया है. जबकि वस्तु स्थिति यह है कि गाड़ी को छपरा से ड्राइवर हायर कर विगत 23 अगस्त 2024 को मंगवाया. इसके लिए बकायदा हरला इंस्पेक्टर अनिल कच्छप ने अपने पे फोन से 3000 रुपया गाड़ी को लाने के लिए ड्राइवर को भुगतान किया. वहीं 150 रुपया टोल टैक्स के लिए व 1000 रुपए ड्राइवर को भोजन करने के लिए ट्रांसफर किया गया. व्हाट्सएप चैट में हरला इंस्पेक्टर ने ड्राइवर को ये भी ताकीद की है कि रास्ते में कोई दिक्कत हो तो बताना है.

### ट्रेन से गिरकर चंद्रपुरा के राजमिस्त्री की मौत

**धनबाद।** धनबाद- चंद्रपुरा रेल लाइन पर 16 नंबर छाताबाद मे धनबाद- चंद्रपुरा सवारी गाड़ी से गिर जाने से हीरालाल गिरि नामक 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना मंगलवार शाम की है. वह धनबाद से चंद्रपुरा जा रहा था,इस दौरान ट्रेन से गिर गया और कट जाने से उसकी मौत हो गई. गिरि बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के जुनौरी गांव निवासी किशुन गिरि का पुत्र था, उसके परिवार में पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री हैं .घटना की खबर सुनकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंची. कतरास थाना के सहायक अवर निरीक्षक इम्तियाज अंसारी ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में उसका पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया.इस संबंध में मृतक के भतीजा प्रताप गिरि के आवेदन पर कतरास थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है .

## विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक

**खास बातें**

- इंटर स्टेट बार्डर सील करने समेत कई निर्णय
- अपराधियों पर नकेल कसने, वाहनों की जांच




धनबादः झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इंटर स्टेट बॉर्डर सिलिंग व विधि व्यवस्था संधारण के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक बुधवार को धनबाद पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में सिटी एसपी अजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में धनबाद, बोकारो, पुरुलिया व आसनसोल के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

**सीमावर्ती बूथों पर विशेष ध्यान**

बैठक के दौरान सीमावर्ती इलाकों में पड़ने वाले बूथों पर विशेष चौकसी बरतने, चेक नाका पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने व बॉर्डर वाले क्षेत्रों में संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाने की रणनीति पर चर्चा की गयी. साथ ही मतदान के 48 घंटे पूर्व से ही चुनाव क्षेत्र में बाहरी मतदाता, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं बाहरी नेता को क्षेत्र से बाहर रखने के साथ बॉर्डर सील करने का निर्णय लिया गया साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी के अलावा संचार व्यवस्था के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर सूचनाओं के आदान प्रदान पर सहमति बनी.
बैठक में सीमावर्ती क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध हथियारों की बरामदगी, शराब और नशीले पदार्थ की तस्करी व अवैध बिक्री पर सख्ती से प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय लिया गया.बैठक में चुनाव के दौरान सीमावर्ती राज्य के जिलों और थानों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर उड़नदस्ता दलों की भी प्रतिनियुक्ति पर सहमति बनी.
बैठक में अपराधियों के सीमावर्ती दूसरे जिला में आवागमन पर रोक के साथ असामाजिक तत्वों का ब्योरा साझा करने की बात कही गयी. बैठक में तय हुआ कि सूचनाओं के आदान प्रदान के साथ अपराधियों की सूची भी साझा की जाएगी जिसके जरिए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके.
बैठक में ग्रामीण एसपी श्री कपील चौधरी, बोकारो एसपी श्री पूज्य प्रकाश, पुरुलिया एएसपी श्री जे अविनाश भीमराव, आसनसोल दुर्गापुर पुलिस प्रमंडल एसीपी वन कुलटी श्री एस के जावेद हुसैन, डीएसपी मुख्यालय टू श्री संदीप गुप्ता, एसडीपीओ निरसा श्री रजत बाखला, एसडीपीओ सिंदरी श्री भूपेंद्र राउत, डीएसपी मुख्यालय वन श्री शंकर कामती, , एसडीपीओ चास श्री प्रवीण सिंह, डीएसपी मुख्यालय बोकारो श्री अनिमेष गुप्ता समेत सीमावर्ती थाना के प्रभारी व इलेक्शन सेल के पदाधिकारी मौजूद थे.

## आईआईटी आईएसएम धनबाद में इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन

### 260 से अधिक छात्रों ने दिखाया अपना हुनर

**संवाददाता। धनबाद**



आईआईटी -आईएसएम धनबाद के नरेश वशिष्ठ सेंटर फॉर टिंकरिंग एंड इनोवेशन (एनवीसीटीआई) द्वारा आयोजित इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2024 में 260 से अधिक छात्रों ने भाग लिया. हैकथॉन के दौरान छात्रों ने विभिन्न उद्योगों द्वारा प्रदान किए गए प्रोब्लम स्टेटमेंट की एक सीरीज में इनोवेटिंग सॉल्यूशंस डेवलप करने के लिए अथक प्रयास किया. एसआईएच 2024 के लिए सिंगल प्वाइंट ऑफ़ कांटेक्ट प्रोफेसर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की प्रतिभागियों के विचार और प्रोटोटाइप अगली पीढ़ी के इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों की प्रतिभा, समर्पण और रचनात्मकता को दर्शाते हैं. विजेता टीमों को राष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामांकित किया जाएगा. जहां वे देश भर के बेस्ट माइंड्स के साथ कंपीट करेंगे. प्रोफेसर आलोक कुमार दास ने कहा की इंटरनल एसआईएच 2024 प्रौद्योगिकी और रचनात्मक समस्या-समाधान के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने, छात्रों को समाज में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था. एसआईएच एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच नवाचार और व्यावहारिक समस्या-समाधान की संस्कृति को बढ़ावा देना है. यह आयोजन छात्रों को उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए रचनात्मक समाधान विकसित करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है, जिससे अकादमिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाट दिया जाता है. प्रतिभागियों को न केवल गंभीर और नवीन रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, बल्कि उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी निकायों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग भी किया जाता है, जिससे एसआईएच शिक्षा, उद्योग और सरकार का एक अनूठा अभिसरण बन जाता है.

## प्रेम प्रसंग में युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

- आईटीआई का छात्र था मृतक

**संवाददाता। धनबाद**

झरिया के जोड़ापोखर थाना अंतर्गत जीतपुर टडिया बस्ती निवासी 25 वर्षीय बद्री रजक उर्फ आदित्य नामक युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मृतक की मां को बुधवार की सुबह मिली. मां अपने बेटे को नींद से जगाने उसके कमरे में गई तो फंदे से लटकता उसका शव देखा. शव देखते ही वह जोर से चिल्ला उठी. उसकी चिल्लाहट सुनकर पड़ोसी घटनास्थल पर दौड़े आए और शव को फंदे से उतार कर तत्काल जोड़ापोखर थाना को जानकारी दी. खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया.
घटना के संबंध में मृतक के पड़ोसी राम प्रवेश यादव ने बताया कि मृतक आईटीआई का छात्र था. वह अपने घर का लड़का था. ट्यूशन पढ़ाकर अपनी मां का भरण-पोषण करता था. मृतक की एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है. पिता की मौत दो वर्ष पूर्व हो चुकी है. उसे आशंका है कि युवक ने प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या की है. उसने अपने मोबाइल से देर रात करीब दो बजे अंतिम कॉल किया था.

### सरकार आपके द्वार में 863 आवेदन निष्पादित

**धनबाद।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बुधवार को 863 आवेदनों का निष्पादन किया गया. वहीं शिविरों में 7221 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें फोकस स्कीम के 4338 आवेदनों में 81 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 1823 में 244 आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं 394 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शिविरों में विभिन्न प्रकार की 144 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया. जबकि 1516 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में है. बुधवार को विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने टुंडी प्रखंड के रतनपुर पंचायत में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया.

## डीसी ने ईवीएम मोबाइल वैन को किया रवाना

- डीसी कार्यालय में ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर का उद्घाटन

**संवाददाता। धनबाद**



उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से 12 ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 12 ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन को रवाना किया है. धनबाद संसदीय क्षेत्र के धनबाद, झरिया, निरसा, सिंदरी, बाघमारा और टुंडी विधानसभा में दो-दो वैन विधानसभा चुनाव की घोषणा होने तक भ्रमण करेंगे. उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कलेक्ट्रेट तथा अनुमंडल कार्यालय में ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर बनाए गए हैं. ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन और ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर पर कोई भी मतदाता चुनाव की पारदर्शी प्रक्रिया से रूबरू हो सकते हैं. मतदाता, मतदान की प्रक्रिया को समझ सकते हैं. डमी वोट देकर चुनाव प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं. इसके साथ ही उपायुक्त ने युवा वोटरों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर मतदान करने की अपील की. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पदाधिकारी (निर्वाचन) सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, निर्वाचन शाखा के प्रधान लिपिक अरूण धारी, सागर कुमार के अलावा अन्य लोग मौजूद थे.

**बिजली संकट** एमपीएल प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को दिया 15 लाख रुपये मुआवजा

## ढुल्लू महतो ने मृतक के आश्रितों को एमपीएल से दिलाया नियोजन

**संवाददाता। मैथन**



एमपीएल के ठेका कर्मी जीतन रवानी (34) रविवार का इलाज के दौरान धनबाद के निजी अस्पताल में सोमवार को निधन हो गया. जीतन रवानी रविवार को सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे . रवानी के निधन की सूचना पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने एमपीएल प्रबंधन से वार्ता कर उनके आश्रितों को 15 लाख रुपए मुआवजा, नियोजन एवं अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपए का भुगतान कराया.
मालूम हो कि मृतक जीतन रवानी एमपीएल के अधीनस्थ कार्यरत कंपनी इंडूवेल में कार्यरत था. रविवार को रात्रि 8 बजे ड्यूटी से अपने घर टोपाटाड़ आने के दौरान पांड्रा मोड पर हाईवा की चपेटे में आ गया, घायल जीतन को परिजनों ने धनबाद के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई .मृतक जीतन रवानी भाजपा नेता साधन रवानी का रिश्तेदार बताया जाता है, घटना की सूचना धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को दी गई, उन्होंने ने मंगलवार दोपहर को गोविंदपुर के एक निजी होटल में एमपीएल प्रबंधन एवं मृतक के परिजनों के साथ वार्ता कर 15 लाख रुपये एवं जितन की पत्नी को नियोजन एवं अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपए पर सहमति बनवाई, मंगलवार देर शाम एमपीएल प्रबंधन द्वारा 15 लाख रुपए का चेक एवं 25 हजार नकद निरसा थाना में थाना प्रभारी मनजीत कुमार की उपस्थिति मृतक की पत्नी को सौंपा प्रबंधन की ओर से वार्ता में दिनेश गंगवाल, दुर्गेश शर्मा एवं गोपाल बरनवाल मृतक की ओर से प्रशांत बनर्जी, धीरज मिश्रा, साधन रवानी, भोला गोराई,उज्जवल गोराई आदि उपस्थित थे.

### पहली बार बिना आंदोलन के किया भुगतान

मालूम हो कि एमपीएल में दर्जनों ऐसी दुर्घटनाएं पूर्व में हुई हैं कई दिनों तक एमपीएल में आंदोलन होने के बाद एमपीएल प्रबंधन मृतक के परिजनों को मुआवजा का भुगतान करता है, विगत दिनों एमपीएल कर्मी विजय किस्कु की बीमारी से मौत हो गई थी परिजनों ने एमपीएल गेट पर शव रखकर तीन दिनों तक प्रदर्शन किया था, झारखंड में टाइगर के नाम से प्रसिद्ध जेबीकेएसएस नेता जयराम महतो ने भी उस आंदोलन में स्वयं उपस्थित होकर अपना समर्थन जताया था परंतु एमपीएल प्रबंधन टस से मस नहीं हुआ था बाद में झारखंड सरकार के तत्कालीन कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने स्वयं यहां आकर मृतक के परिजनों को 15 लाख रुपए एवं टाटा पावर में नियोजन दिलाया था . धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने उसी तर्ज पर बिना आंदोलन किए एमपीएल प्रबंधन से 15 लाख रुपए एवं नियोजन दिलाने का काम किया . जो चर्चा का विषय है .

### सांसद ने कराया ऐतिहासिक फैसला - धीरज मिश्रा

मृतक जितन रवानी के पक्ष में घटना के बाद से ही सक्रिय भाजपा नेता धीरज मिश्रा ने कहा कि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो जी ने ऐतिहासिक फैसला कराया है, एमपीएल कर्मीयो एवं निरसा की जनता सांसद महोदय की आभारी है साथ ही साथ उन्होंने थाना प्रभारी मनजीत कुमार के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया .

## लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान में लाखों की चोरी

**खास बातें**

- दुकान से ढाई लाख के गहने चोरी गए
- सेंधमारी कर दुकान में घूंसे चोर

**संवाददाता। धनबाद**

सोमवार की बीती रात नावाडीह 99 कोयलांचल सिटी के समीप लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान में चोरों ने एक आभूषण दुकान को निशाना बनाया. लक्ष्मी ज्वेलर दुकान के पीछे वाली दीवार में सेंधमारी कर लाखों के आभूषण लेकर फरार हो गये. सुबह दुकान के मालिक को बगल वाले दुकानदार ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी. जिसके बाद ज्वेलरी दुकान के मालिक अपने दुकान का शटर खोलकर देखा तो दुकान के पीछे वाले दिवार पर संेधमारी कर चोरी का घटना का अंजाम दिया गया था.
लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक ने बताया कि चांदी का पायल 30 जोड़ा लगभग 2.50 केजी, बच्चा का बाल 15 जोड़ा 150 ग्राम चाबी रिंग दो पीस 70 ग्राम बिंदिया 400 ग्राम एंकलेट पायल 8 जोड़ा 100 ग्राम सोना का नथिया 8 ग्राम सोना का लॉकेट 7 पीस 12 ग्राम पुराना चांदी 7.50 ग्राम चांदी का कटोरा 20 ग्राम समेत अन्य सामान चोर अपने साथ के गए हैं. चोरी हुए समान की कीमत करीब ढाई लाख आंकी जा रही है. दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर पता चला कि चोरी बीती रात 2:03 बजे हुई. चोरी की पूरी घटना दुकानों में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है.

## ब्रीफ खबरें

### नन्हे हत्याकांड, गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. आज इस मामले में अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया. प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था. 24 नवंबर 21 के दोपहर 3:20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी. घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे.

### रंजय हत्याकांड, जप्त वस्तुओं को नही किया पेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत मे अभियोजन ने जप्त वस्तुओं को पेश नही किया. अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को पुलिस द्वारा जप्त किए गए वस्तुओं, खून लगा कपड़ा, गोली का खोखा, को पेश करने का आदेश माल खाना प्रभारी को दिया है. सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया.

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को

**टुंडी।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा आगामी 23 सितंबर को होगी. इसकी तैयारी को लेकर भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण की बैठक बुधवार को टुंडी के कृष्णा किशोर मेमोरियल स्कूल कोल्हर मे हुई. बैठक की अध्यक्षता टुंडी प्रखंड अध्यक्ष तिलक मंडल और संचालन प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए परिवर्तन यात्रा के सह प्रभारी भरत यादव ने कहा कि आगामी 23 सितम्बर को टुंडी, बराकर, प्रतापपुर में परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया जाएगा.

**मुरूलिडीह कोलियरी में बना गोफ**

# महिला समाई, परिजनों ने निकाला बाहर

**खास बातें**
- ग्रामीणों ने की पुनर्वास मुआवजे की मांग



**संवाददाता। महुदा**

बीसीसीएल के पश्चिमी झरिया क्षेत्र (महुदा ग्रूप) (डब्लुजेए) के मुरूलिडीह कोलियरी के 16 नम्बर 4 नम्बर इन्कलाईन के समीप मुरूलिडीह बस्ती निचे टोला में मोती महतो का घर के मुख्य दरवाजे पर अचानक गौफ बन गया और उसमें मोती महतो की पुत्र वधू समा गई. इस घटना से गांव में डर का माहौल है. मंगलवार को सुबह मोति महतो के पुत्रबधु लक्ष्मी देवी झाडु लगा रही थी इसी दौरान अचानक जमीन धंस गया और महिला उसमे समा गयी. उसके चिल्लाने पर परिजन दोड़े-दोड़े आये और महिला को बाहर निकाला. इस घटना के बाद सभी ग्रामीण भयभीत है, कि कहीं किसी का घर में गोफ न बन जाय. घटना की सुचना मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक को दिया गया. उनहोंने बीसीसीएल के अधिकारीयों को इसकी सुचना दी. सुचना पाकर बीसीसीएल प्रबंधन ने दो कर्मचारी दुखन महतो ( माइनिंग सरदार), एवं राजु हाड़ी को जेसीबी मशीन के साथ उक्त स्थल पर भेजा. जहाँ गोफ बना था. जैसे ही मशीन से मिट्टी डालना चाहा तो वहाँ बड़ा गोफ बन गया और पानी का प्रेशर से भर गया. गोफ के बगल में ही मोती महतो के अलावे संजय महतो, मनोज महतो एवं वंशी महतो का घर बना हुआ है. वहाँ से भी पानी रिस्ने लगा तो ग्रामीणों ने विरोध कर मशीन को बंद करवा दिया और चारो लोगों को पुनर्वास एवं मुआवजा देकर दुसरे जगह बसाने की मांग करने लगे. गांव के तुलसी महतो ने बताया कि 50, 60 के दशक में यहाँ बीसीसीएल द्वारा दर्जनों खदान चलाया गया था. जिसपर ठीक से बालु की भराई नहीं किया गया था. उसी के कारण से यहाँ गोफ हुआ. बीसीसीएल प्रबंधन गोफ के बगल में रह रहे लोगों का अन्य जगह रहने का व्यवस्था करें, तभी यहाँ काम करने देंगे. ग्रामीणों ने बीसीसीएल कर्मचारी एवं जेसीबी मशीन को रोक कर रखा हुआ है. उच्च पदाधिकारी के आने का इंतजार कर रहे हैं.

### महेशपुर एक माह के अंदर तीसरी बार बना गोफ

**मधुबन.** मधुबन थाना ठीक पीछे महेशपुर फुटवाल ग्राउंड के समीप एक माह के भीतर एक ही स्थान लगातार तीसरी बार गोफ बन जाने से स्थानीय लोगों में दहसत व्याप्त है. बताते चलें कि उक्त स्थल से सौ फीट की दूरी पर इस बार तीन मीटर के ब्यास में 20 फिट गहरा दो कुआं नुमा गोफ बन गया है, जिसकी सूचना से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है. स्थानीय लोगों ने मंगलवार को दो दो गोफ बनने की सूचना से प्रबंधन को अवगत कराया था.सूचना के बाद प्रबंधन हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर गोफस्थल का मुआयना किया.बुधवार को प्रबंधन की ओर से आनन फानन में मजदूर के माध्यम से तत्काल दोनों गोफ स्थल की तार से घेराबंदी कराई जा रही है. कहा जा रहा है कि मंगलवार की सुवह ग्राउंड में टहलने व शौच करने गए स्थानीय लोगों की नजर उक्त दोनों गोफ पर पडी.एक ही जगह पर बार बार गोफ बनने से लोग दहशत में आ गए.बाद में उक्त गोफ की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा प्रबंधन की दी गयी.

### घर हुआ जमींदोज, बाल बाल बचे लोग

**निरसा बाजार.** निरसा थाना अंतर्गत पीठाक्यारी गांव में लगातार चार दिनों से पानी पड़ने के कारण एक घर जमीदोज हो गया. जिस समय घटना घटी उसे समय घर का कोई सदस्य घर के अंदर नहीं था नहीं तो एक बड़ी घटना घट सकती थी. ग्रामीणों का कहना है कि ईसीएल के द्वारा पूर्व में यहां कोयला निकला गया था जिसके कारण मिट्टी कट जाने का कारण घर जमीनडोज हो गया. यह जिम्मेदारी इसीएल की है . वही सूचना पाकर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, जिला परिषद दीपाली रूहिदास, निरसा प्रखंड पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदार घटनास्थल पर पहुंचे और आश्वासन दिए की इसीएल के अधिकारियों से वार्ता कर इस समस्या का समाधान निकालेंगे.

## धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा संपन्न



**संवाददाता। गोमो**

गोमो में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का समापन हो गया. रेलवे के विद्युत लोको शेड, पावर हाउस , टीआर डीपी, इंजीनियरिंग विभाग, कैरेज एण्ड वेगेन, पीडब्लूआई, सिग्नल विभाग समेत अन्य जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा प्रतिमा स्थापित कर हुई. कई जहों पर छोटे-बड़े पंडाल भी बनाए गए थे. गोमो विद्युत लोको शेड का पंडाल अति आकर्षक था. इस पंडाल की लाइटिंग भी देखने लायक थी. पंडाल को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था. देर रात तक यहां श्रद्धालुओं भीड़ लगी रही.

### हर्षोल्लास से की गई विश्वकर्मा पूजा

**कतरास।** कतरास में विभिन्न जगहों पर देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर्षोल्लास से मनाया गया. सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों सहित अन्य जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. शहर के दूरभाष सेवा केंद्र, आईडब्लू कार्यालय, वरीय अनुभाग अभियंता कार्यालय, कतरासगढ़ रेलवे कार्यालय, विद्युत कार्यालय, कोलियरी, दुकानों एवं वाहन पड़ावों समेत निजी आवासों में पूजा का आयोजन किया गया. कई जगह पूजा पंडाल भी बनाए गए थे, जिसकी सजावट आकर्षक थी. पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. कुछ जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया.

## असफी हॉस्पिटल में धूमधाम से मना पीएम नरेन्द्र मोदी का 74वां जन्मदिवस

- हरेंद्र सिंह ने काटा केक 101 सफाईकर्मियों के बीच किया अंगवस्त्र का वितरण



**संवाददाता। धनबाद**

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का नेतृत्व असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री हरेन्द्र सिंह ने किया. असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व और देश की सेवा में उनके योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा कि ₹प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अद्वितीय प्रगति की है. उनके विज़न और नीतियों के कारण देश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और गरीब से गरीब व्यक्ति को भी उत्तम चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं. कार्यक्रम के दौरान हरेंद्र सिंह ने हॉस्पिटल परिसर में केक काटा और 101 सफाईकर्मियों के बीच अंगवस्त्र का वितरण कर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को मानवता की सेवा के रूप में मनाया. असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने कहा कि असर्फी हॉस्पिटल हमेशा से ही समाजसेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा. इस अवसर पर अस्पताल के डॉक्टर्स, स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री के दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की.

## कोर्ट की खबरें

### एल बी सिंह फिर नहीं हुए हाजिर, फैसला टला

**धनबाद।** सीबीआई के निर्देश पर कुसुंडा एरिया के आदर्श नगर शिमला बहाल मे सडक के मापी के लिए पहुंचे बीसीसीएल अधिकारीयों मे दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के एक मामले के आज फैसला टल गया. नामजद आरोपी ठेकेदार एलबी सिंह आज अदालत में हाजिर नहीं हुए , इसके पूर्व वह 13 सितंबर को भी हाजिर नहीं हुए थे .वहीं अन्य आरोपी एलबी सिंह के भाई कुंभनाथ सिंह, भरत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह हाजिर थे . धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने मामले मैं फैसले के लिए 20 सितंबर 24 की तारीख निर्धारित की है अदालत ने सभी नामजद आरोपियो एलबी सिंह उनके भाई कुंभनाथ सिंह,भारत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह को 17 सितंबर को सदेह हाजिर होने का आदेश दिया है.प्राथमिकी कुसुंडा एरिया नंबर छह के कनिय अभियंता विनय कुमार ठाकुर के शिकायत पर झरिया थाने में 30 जून 12 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक सीबीआई धनबाद में बीसीसीएल अधिकारियों को बीसीसीएल के 26 कार्य स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था आदेश के आलोक में एक टीम का गठन किया गया था टीम में मुख्य प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधक डीके सिंह, विमल प्रसाद पाठक इंजीनियर ,डीएन सिंह इंजीनियर, एस के झा सीबीआई इंस्पेक्टर एवं मुख्य प्रबंधक सिविल विजलेंस बी एन कुमार शामिल थे जो कार्य स्थल का निरीक्षण एवं मापी करने के लिए आदर्श नगर शिमला बहाल शिव मंदिर के पास पहुंचे थे जैसे ही वहां इन लोगों के द्वारा कार्य शुरू किया गया की कॉलोनी की ओर से चार-पांच युवकगोली चलाते हुए आए और फायरिंग किया और गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए प्राथमिकी में आरोप था कि उक्त सभी 26 कार्य ठेकेदार डी के सिंह को आवंटित किया गया था जिसका देख रेख ठेकेदार कुंभनाथ सिंह कर रहे थे प्राथमिकी में आरोप था की अधिकारीगण किसी तरह से वहां से जान बचाकर भागे थे पुलिस ने अनुसंधान के बाद उपरोक्त के विरुद्ध 5 दिसंबर 17 को आरोप पत्र दायर किया था 26 नवंबर 18 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने पांच गवाहों का परीक्षण कराया था.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिक से दुष्कर्म के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी पुटकी निवासी सपन कालिंदी को दस वर्ष कैद एवं बारह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. 13सितंबर को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. सपन इस मामले में फरार चल रहा है जिसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने अपना निर्णय सुनाया. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख निर्धारित की थी . प्राथमिकी पीड़िता के मां के शिकायत पर पुटकी थाना मे दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता 23 अगस्त 20 को दिन के बारह बजे कपड़ा सिलाने गई थी. परंतु वापस नहीं आई. खोजबीन पर पता चला कि सपन पीड़िता को लेकर गया है. जब पीड़िता के मां बाप सपन के घर जाकर इसकी शिकायत की तो उनके साथ भी गाली गलौज की गई. पीड़िता ने कोर्ट को दिए बयान में बताया था कि उसके साथ सपन ने जबरन शादी की थीं और दुष्कर्म किया था .अनुसंधान के बाद पुलिस ने 19 नवंबर 20 को सपन के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 24 फरवरी 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने कुल छह गवाहों का परीक्षण कराया था.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को तीन वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिक से दुष्कर्म के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी हरिहरपुर लालुडीह निवासी राजा ऊर्फ जमीरुद्दीन को तीन वर्ष कैद एवं छह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है.दोषी करार दिया है. राजा इस मामले में फरार चल रहा है जिसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने अपना निर्णय सुनाया. प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर हरिहरपुर थाने में 18 जुलाई 20 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 18 जुलाई 20 को शाम चार बजे पीड़िता अपने घर के सामने गुपचुप खा रही थी उसी वक्त राजा ने उसके साथ जबरदस्ती की हल्ला मचाने पर पीड़िता के नाना वहां आए तो राजा ने पीड़िता और उसके नाना पर जान मारने की नियत से हमला कर दिया. दोनो जख्मी हो गए थे. पुलिस ने राजा के खिलाफ 15 सितंबर 20 को आरोप पत्र दायर किया था.

# आसनसोल

**भारी वर्षा के कारण मैथन डैम के जलस्तर में वृद्धि, पानी छोड़ने से बराकर नदी में जलस्तर बढ़ा**

# निचले इलाकों में बाढ़ के जैसी हालात

**खास बातें**
- इलाके के कई घरों में घुसा पानी
- स्थानीय लोगों में भय का माहौल





राहत सामग्री वितरण करते तृणमूल अध्यक्ष

**संवाददाता। बराकर**

भारी वर्षा के कारण मैथन डैम का जलस्तर बढ़ाने के बाद डैम से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ने पश्चिम बंगाल के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हुए. लगातार तीन दिनों तक झारखंड में हुई भारी बारिश के कारण मैथन डैम का जलस्तर बड़े तीव्र गति से बढ़ गया. इसके बाद मंगलवार को डीवीसी की ओर से मैथन डैम के कुछ फाटक खोले गए ,जिसके माध्यम से 160000 क्यूसेक पानी छोड़ जाना आरंभ किया गया. इसके बाद से देखते ही देखते बराकर नदी एवं दामोदर नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया और नदी ने अपना विस्तार कर उग्र रूप में अपनी धारा प्रवाहित करने लगी और इसके बाद कुछ ही देर में बराकर नदी के निचले इलाकों में पानी भरने लगा. लोग इधर कुछ समझ पाते तब तक 20 से अधिक घरों में नदी का पानी प्रवेश कर गया. आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कुल्टी थाना अंतर्गत बराकर फाड़ी प्रभारी सुकांत दास स्थानीय पार्षद के साथ निचले इलाकों में पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की सहायता से लोगों को घरों से निकाल कर आसपास के स्कूलों तथा अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचना आरंभ कर दिया. वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही कुल्टी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष कंचन राय युवा अध्यक्ष विमान दत्त ने पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाया. मालूम हो कि बराकर नदी में लगातार जल स्तर बढ़ने के कारण नालापाड़ा के समीप स्थित डायमंड ग्राउंड बराकर जरावदेवी बालिका विद्यालय के समीप नदी का पानी पहुंच गया. जिससे वहां पर रहने वाले लोग भयभीत हो गए. वहीं पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय समाजसेवी संगठनों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को कहा कि किसी भी तरह से नदी के किनारे ना जाएं . नदी में भारी मात्रा में पानी का छोड़गया है नदी की धारा भी काफी प्रबल है. जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है . इसके बाद पुलिस प्रशासन बराकर के अन्य निचले इलाकों में पहुंचकर लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा. वहीं स्थानीय प्रत्यक्ष दर्शियों ने कहा कि नदी में इतनी बड़ी मात्रा में पानी लगभग 1 दशक से ज्यादा समय के बाद देखने को मिला है.वहीं सीढ़ी घाट पहुंचकर जब देखा गया तो नदी घाट पर बनी सीढ़ियां आधे से अधिक जलमग्न हो गई है और नदी की धारा भी काफी तीव्र है. जिसे देखने के लिए भी लोगों का समूह जुट रहा था , भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. जिससे स्थानीय लोग भय के माहौल में समय बिता रहे हैं ,जानकारी के मुताबिक बराकर नदी के नीचले इलाके का जमीन राज्य सरकार है ,जिसे वेस्टेड लैंड कहा जाता है ,लेकिन बीते कुछ वर्षों में कुछ लोगो ने वेस्टेड जमीन पर पैसे लेकर आबादी बसाने का काम किया. यही कारण है कि बराकर नदी में जलस्तर बढ़ने से उस इलाके के कई घरों में पानी घुस गया है .

## बराकर में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने को लेकर शिविर




**संवाददाता। बराकर**

आसनसोल नगर निगम तथा बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में श्री अग्रसेन भवन में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया. आसनसोल नगर निगम के सहयोग से बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा एक दिवसीय प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान शिविर में बोरो 8 , 9 , 10 के टैक्स विभाग के अधिकारी आंतनू मुखर्जी , सूर्य मुखर्जी ,देवाशीष राय ,कंचन चक्रवर्ती , तथा सहायक कर्मी अनुज केसरी की उपस्थिति में काफी संख्या में व्यापारियों ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया ,इस संबंध में बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के सहयोग से एक दिवसीय प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के शिविर का आयोजन श्री अग्रसेन भवन में किया गया है. उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से टैक्स जमा करने वालों को 10% की छूट दी जा रही है. उन्होंने कहा कि यह शिविर नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा गुरुवार को नियामतपुर में भी आयोजित की जाएगी. अग्रवाल ने नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर 10% की छूट की काफी सराहना किया.

## पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर कुल्टी में भाजपा का कार्यक्रम

**अजय पोद्दार ने काटा केक, बच्चों के बीच किया वस्त्र वितरित**



**संवाददाता। बराकर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर कुल्टी के भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार ने केक कटकर बच्चों के बीच वस्त्र वितरण किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा की ओर से 15 दोनों का पखवाड़ा के रूप में पालन किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. इसी दौरान मंगलवार को कुल्टी स्टेशन के समीप टीन धौडा में कुल्टी विधानसभा भाजपा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह पूर्वक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया तथा केक काटा. इसके बाद क्षेत्र के 120 बच्चों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया. कार्यक्रम का आयोजन भीम हाड़ी के नेतृत्व मे किया गया. इस अवसर पर कुल्टी विधायक डॉक्टर अजय कुमार पोद्दार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिवस पर पार्टी की ओर से 15 दिवसीय पखवाड़े का आयोजन किया गया है. जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा. उन्होंने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्म दिवस है. जो हम सभी के लिए बड़े ही गौरव का बात है. उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर भारत ने अपनी पहचान बनाई है तथा हर एक परिस्थिति में समस्त भारतीय अपने आप को आगे रखने में भी सफल हुआ है. उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है.

## यात्रियों ने कोलफील्ड एक्सप्रेस में मनाया विश्वकर्मा पूजा

**संवाददाता। बराकर**



बराकर आसनसोल रानीगंज के डेली पैसेंजर ने हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी कोलफील्ड सुपरफास्ट एक्सप्रेस में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा का भव्य आयोजन किया गया. मालूम हो की बराकर आसनसोल रानीगंज के दैनिक यात्री पिछले लगभग 25 वर्ष से देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा प्रत्येक वर्ष धनबाद से हावड़ा चलने वाली कोलफील्ड सुपरफास्ट एक्सप्रेस में पूजा का आयोजन करते हैं. इस दौरान कोच को बड़े ही सुंदर तरीके से सुसज्जित करके भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को स्थापित की गई. इसके बाद बराकर के पंडित ब्रह्मदेव पांडे ने विधिवत पूजा अर्चना किया. इस संबंध में पूजा के आयोजन करता रामविलास सिंह ने बताया कि यह पूजा दैनिक यात्रियों द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार की जा रही है. इस पूजा में बराकर आसनसोल रानीगंज के दैनिक यात्रियों का विशेष योगदान रहता है. उन्होंने कहा कि कोरोना के समय जब पूरा देश में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था ,उस दौरान भी दैनिक यात्रियों ने यह पूजा बराकर रेलवे स्टेशन के बाहर आयोजित की थी. कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में ब्रह्मदेव रवानी चंदन कुमार, सोनू कुमार, कन्हैया शर्मा, बाबू के अलावे अन्य लोगों की भूमिका सराहनीय रही . श्री सिंह ने कहा कि पूजा के पश्चात रात्रि के समय जब कोलफील्ड हावड़ा से चलकर बराकर पहुंचेगी.

## आसनसोल क्लब : अध्यक्ष पद के लिए सोमनाथ, अमरजीत में टक्कर

**संवाददाता। रानीगंज**



ब्रिटिश जमाना का प्रतिष्ठित आसनसोल क्लब के मैनेजिंग कमेटी के चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद का प्रत्याशी सोमनाथ बिसवाल अपने समर्थकों के साथ रानीगंज स्पोर्ट्स असेंबली में पहुंचे जहां आसनसोल क्लब से जुड़े एवं रानीगंज का रहने वाले सदस्यों ने उनका स्वागत किया. आसनसोल क्लब से जुड़े रानीगंज के रहने वाले सुरेश जयसवाल, मनोज श्रॉफ, अरविंद बुचासिया, अनूप सराफ, सरदार मंजीत सिंह बग्गा, रामकुमार शारडा, रोहित चौधरी एवं अन्य कई सदस्य उपस्थित थे. 21 सितंबर को चुनाव है सुबह 11:30 से लेकर शाम 5:00 तक आसनसोल क्लब के सदस्य मतदान करेंगे एवं उसी दिन वोटो की गिनती हो जाएगी एवं विजयी प्रत्याशी की घोषणा भी हो जाएगी. आसनसोल क्लब में कुल 769 सदस्य हैं. 4 वर्षों से अध्यक्ष के रूप में सोमनाथ विशवाल द्वारा क्लब में एक नई विशाल बिल्डिंग का निर्माण किया गया है. अध्यक्ष पद के लिए सोमनाथ बिसवाल एवं सरदार अमरजीत सिंह बरारा अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रसार में लगे हुए हैं अंग्रेजों के जमाने का यह क्लब बांकुड़ा, बर्दवान ,पुरुलिया , बीरभूम जिले एवं धनबाद का सबसे प्राचीन एवं नामी क्लब है. सन 1919 में क्लब की स्थापना हुई थी . अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सोमनाथ बिसवाल पिछले 4 वर्षों से लगातार अध्यक्ष पद पर है उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि 2 वर्ष का समय मुझे और दिया जाए ताकि आसनसोल क्लब को पश्चिम बंगाल का सर्वश्रेष्ठ क्लब सबसे बेहतर क्लब का रूप दे सकूं इसी को लेकर लगातार काम चल भी रहा है. उनके चार वर्ष के कार्यकाल में आसनसोल क्लब का काफी विकास का काम हुआ है. वहीं दूसरी ओर अध्यक्ष पद के लिए सरदार अमरजीत सिंह भरारा भी अपने पक्ष में सदस्यों को वोट देने की अपील कर रहे हैं आसनसोल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में प्रधान के रूप में अपनी सेवा विगत कुछ वर्षों से दे रहे हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**साहिबगंज।** शहर के कॉलेज रोड में ग्रीन होटल के निकट स्थित कपड़ा दुकान आंचल वस्त्रालय में मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई. शार्ट सर्किट से लगी इस आग में दुकान में रखे लाखों रुपए के कपड़े समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए. दुकान से उठते धुआं से आसपास अंधेरे जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई. दुकानदारों ने घटना की सूचना नगर थाना को दी. स्थानीय लोग व आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचकर दुकान का समान हटाने व आग बुझाने में जुट गए. इधर, सूचना मिलते ही नगर थाना के इंस्पेक्टर अमित कुमार साह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को सूचना दी. अग्निशमन विभाग की टीम दमकल वाहन के साथ पहुंची और आग पर काबू पाया. पीड़त दुकानदार ने बताया कि दुकान में रखे कपड़े व अन्य सामान जल गए हैं. उसे लाखों रुपए की क्षति हुई है.

### गौतम भगत ने अपर समाहर्ता का लिया प्रभार

**साहिबगंज।** बुधवार को जिला में नए अपर समाहर्ता के रूप में गौतम भगत ने विधिवत रूप से पदभार संभाला. निवर्तमान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम से उन्होंने पद भार ग्रहण किया. इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा उपस्थित थे.

### ऑफिसर्स क्लब में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा ऑफिसर्स क्लब में सामुदायिक विकास पहल के तहत मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में 25 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया. कार्यक्रम का उद्घाटन संजय कुमार, महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र और लक्ष्मी नारायण, प्राचार्य, केबी कॉलेज, बेरमो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. साथ ही, डॉ. प्रभाकर कुमार एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक केबी कॉलेज और चंदन कुमार सीएसआर उपप्रबंधक पदाधिकारी ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस शिविर के आयोजन में बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन और एनएसएस, केबी कॉलेज का विशेष सहयोग रहा.

### युवाओं ने सुरजुडीह में बहाल की बिजली

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह गांव में इस वर्ष जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं करम पर्व का उल्लास फीका रहा, क्योंकि गांव में बिजली नहीं थी. चार दिनों पूर्व अचानक बारिश व हवा से बिजली के तार पर एक पेड़ की डाली टूटकर गिर गयी, जिससे ट्रांसफॉर्मर के दोनों पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे. तीन दिनों तक जब बिजली विभाग ने सुरजुडीह में बिजली बहाल करने की दिशा में कोई पहल नहीं की तो मंगलवार को ग्रामीण युवाओं ने ही बिजली बहाल करने का संकल्प ले लिया. मंगलवार सुबह बिजली मिस्त्री फखरुद्दीन अंसारी की देखरेख में गांव के पचास से अधिक युवाओं ने 18 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बुधवार रात 3 बजे बिजली चालू कर दी. इस दौरान खंभे के गड्ढे खोदने, गाड़ने से लेकर तार, इंसुलेटर बांधने, ट्रांसफॉर्मर में तेल डालने व सभी कार्य ग्रामीण युवाओं ने ही की.

### पर्यावरण संरक्षण सब की जिम्मेवारी : बीडीओ

**गावां (गिरिडीह)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने नौकी आहार में पौधरोपण किया. इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी समान रूप से जिम्मेवारी है. उन्होंने सभी से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण करें. बड़ा होने तक पौधे की देखभाल भी करें. कहा कि पेड़ पौधे का हमारे जीवन में बहुत महत्व है. यह न सिर्फ हमें जीवनदायक ऑक्सीजन देता हैं, बल्कि कई प्रकार से हमें लाभ पहुंचाते हैं. ऐसे में सभी लोग अपने माता के सम्मान में पौधारोपण करें. सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए पीएम मोदी ने दुनिया भर के लोगों से अपनी माँ के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया.

साहेबगंज में 20 सितम्बर को गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा, अधिकारियों व नेताओं ने लिया जायजा

# भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाबूलाल मरांडी ने की बैठक

संवाददाता। साहेबगंज



बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र के जिला परिषद मार्केट सभागार में साहेबगंज जिला के सभी जिला पदाधिकारी, उज्वल मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री और बूथ स्तर तक कि कार्यकर्त्ताओं के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जनसभा को लेकर बैठक हुई. इस बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, राजमहल विधायक अनंत ओझा, ओबीसी मोर्चा राष्टीय महामंत्री बजरंगी यादव, शामिल हुए.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 20 सितंबर को सुबह दस बजे साहेबगंज पुलिस मैदान में आ रहे हैं. उससे पहले गृहमंत्री भोगनाडीह से संथाल परगना प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे. उसके बाद साहेबगंज में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे. कहा कि गृहमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्त्ता जुट जाए. अधिक से अधिक संख्या में स्थानीय लोगों का भी भागीदारी हो, इसके लिए हर घर सम्पर्क करके लोगों को जनसभा में आने के लिए आमंत्रित करें. बैठक में सभी कार्यकर्त्ताओं को गृहमंत्री के कार्यक्रम के लिए जिमेदारी दी गयी.

**केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार शुरू**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार साहिबगंज में शुरू हो गया. भाजपा द्वारा शहर में माइकिंग कराया जा रहा है. हर घर आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है. लोगों को गृहमंत्री के जनसभा में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए हर घर भाजपा कार्यकर्त्ता जा रह हैं.

इस अवसर पर मौजूद पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम, पूर्व विधायक ताला मरांडी, गणेश प्रसाद तिवारी, ओबीसी मोर्चा राष्टीय महामंत्री बजरंगी प्रसाद यादव, कृष्णा महतो, जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष सहित अन्य लोग मौजूद थे.

**कार्यक्रम स्थल का जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण**

**साहिबगंज।** बुधवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का जिला साहेबगंज में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. आगामी 20 सितंबर को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली का साहेबगंज में कार्यक्रम प्रस्तावित है. इसी संदर्भ में उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यक्रम स्थल, पुलिस लाईन स्थित मोदी मैदान का निरीक्षण किया एवं संबंधित कार्यरत पदाधिकारी व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण स्थल पर उपस्थित उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, सदर एसडीपीओ, थाना प्रभारी, राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे.

# तीन बाइक के आपस में टकराने से महिला की मौत, 4 लोग घायल

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)




निमियाघाट थाना क्षेत्र के खांकी के पास मंगलवार को तीन बाइक की आपस में टक्कर हो गई. दुर्घटना में एक महिला दीप ज्योति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये. घायलों को डुमरी रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया. दो घायलों को उनके परिजन जेपी अस्पताल धनबाद ले गये, जबकि दो को बीजीएच बोकारो में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने महिला के शव को बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया. महिला के परिजनों व ग्रामीणों ने डुमरी रेफरल अस्पताल में जमकर हंगामा किया. अस्पताल प्रबंधन पर अव्यवस्था का आरोप लगाया. उनका कहना था कि यदि मरीज को तुरंत ऑक्सीजन दी गई होती, तो उसकी जान बच सकती थी. सूचना पाकर डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन दलबल के साथ अस्पताल पहुंचे और लागों को समझा-बुझाकर शांत कराया.

मिली जानकारी के अनुसार, तेलो निवासी संजय कुमार महतो अपनी पत्नी दीप ज्योति के साथ बाइक से हजारीबाग जा रहे थे. रास्ते में निमियाघाट के खांकी के पास सामने से आ रहे वाहन से चकमा खाकर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई. इसी दौरान पीछे से दूसरी बाइक से आ रहे तिरला बगोदर निवासी हेमलाल महतो का पुत्र कृष्णा कुमार व बालेश्वर महतो का पुत्र विजय कुमार दुर्घटनाग्रस्त बाइक को ठोकर मारते हुए गिर गए. इसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य बाइक उनसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में तीसरी बाइक पर सवार डुमरी के मंगलूआहर निवासी शंकर महतो का पुत्र अमित महतो घायल हो गया. घटना के बाद घायल पति-पत्नी संजय महतो व दीप ज्योति को टेम्पो से रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया. वहीं, अन्य घायलों को 108 एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया.

### आरपीएफ ने की 130 बोतल अवैध शराब बरामद

**साहिबगंज।** मालदह रेल डिविजनल अंतर्गत बरहरवा आरपीएफ को मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना मिली की ट्रेन नंबर 15658 अप के जनरल कंपार्टमेंट में अवैध शराब तस्करी कर ले जा रहा है. सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सीपीडीएस टीम सहायक उप निरीक्षक आर के तिवारी, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल के प्रल्यांकर, कांस्टेबल सुमन कुमार और आरपीएफ टीम बरहरवा सहायक उप निरीक्षक जे के दुबे के साथ मिलकर ट्रेन नंबर 15658 बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर आई तो संयुक्त रूप से छापेमारी की. ट्रेन में एक काले रंग का पिट्ठू बैग सीट के नीचे पड़ा मिला. बैग को खोल कर चेक किया गया तो उसमें देखा कि 180 एमएल के 130 पीस ऑफिसर्स चॉइस का फॉरेन लिकर्स पाउच मिला. जिसकी प्रत्येक पाउच की कीमत 150 रुपए थी. उसके बाद इसे जब्त कर आरपीएफ ऑफिस बरहरवा लाया गया और एक्साइज डिपार्टमेंट साहिबगंज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया. कुल 130 पीस ऑफिसर्स चॉइस की कीमत 19,500 रुपया है.

### अरविंद ठाकुर हत्याकांड में प्रदीप पंडित गया जेल

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय थाना पुलिस ने बुधवार को गांडेय थाना क्षेत्र के आहारडीह के रहने वाले अरविंद कुमार ठाकुर के हत्या के आरोपी लोहारी निवासी प्रदीप पंडित को जेल भेज दिया गया है. बता दें कि बीते 14 सितंबर को गांडेय थाना में मृतक के पिता परमेश्वर ठाकुर ने आवेदन देकर अपने पुत्र अरविंद कुमार ठाकुर को गुमशुदा की आवेदन देकर खोजबिन करने की गुहार गांडेय थाना पुलिस से लगाई थी. आवेदन के आधार पर पुलिस ने करवाई करते हुए पुलिस ने लापता अरविंद कुमार ठाकुर का शव को 16 सितम्बर को लोहारी गांव के प्रदीप पंडित के घर के बगल कुआं से बरामद की गई थी. घटना को लेकर गांडेय पुलिस लगातार अनुसंधान करते हुए घटना में शामिल प्रदीप पंडित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार आरोपी प्रदीप पंडित ने अपने बयान में कहा है की मेरी पुत्री के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था . मना करने पर भी नही माना तो घटना के रात्रि अरविंद कुमार ठाकुर मेरी पुत्री से मिलने मेरे घर के पीछे बारी में आया था . उसी समय मेरे हाथ में रखे पत्थर से उसकी हत्या कर दिया और बगल में स्थित कुआं में लाश को छिपा दिया था.

### दिव्यांगों को मिला निःशुल्क सहायक उपकरण

**जमुआ (गिरिडीह)।** आकांक्षी प्रखंड जमुआ में मंगलवार को दिव्यांग हेतु भारत सरकार की एडीपी योजना के अन्तर्गतर निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जमुआ सीओ सह सीडीपीओ संजय पांडेय की अध्यक्षता में किया गया. बतौर मुख्य अतिथि जमुआ विधायक केदार हाज़रा, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष जुन्नैद आलम, उप प्रमुख रब्बुल हशन रब्बानी, आकांक्षी प्रखंड के फेलो रितेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे. मौके पर नीति आयोग के फेलो रितेश कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जमुआ में प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गरत आने वाले दिव्यांगों का जांच शिविर कैम्प लगा था, जहां चिकित्सकों ने शिविर में आये दिव्यांगों का जांच कर आवश्यकतानुसार लोगों को उपकरण देने हेतु 53 लोगों का चयन किया गया था. जहां आज महीनों बाद पुनः शिविर लगा कर उक्त सभी 53 लोगों को आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण दिया गया. मौके पर आकांक्षी प्रखंड के फेलो रितेश सिंह, पीरामल फाउंडेशन टीम से विनोद कुमार, हिमांशु साहू, विकाश कुमार, संजुक्ता पात्रा, सुनील कुमार के अलावे बाल विकास परियोजना के प्रधान सहायक बम शंकर के अलावे दर्जनों की संख्या में आम नागरिक एवं दिव्यांग लोग उपस्थित थे.

### गंगा में डूबी बच्ची का दो दिन बाद भी नहीं मिला शव

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र के बाला पोखर मासकलैया गंगा तट में मंगलवार को गंगा में स्नान करने गई बच्ची की गंगा में डूबने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार रोशनी कुमार (6), पिता प्रदीप मंडल, बाला पोखर निवासी गंगा स्नान करने के दौरान पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चली गई. ग्रामीणों द्वारा हो हल्ला करने पर स्थानीय लोगों द्वारा बच्ची को गंगा की तेज लहरों में खोजबीन की गई, परंतु मंगलवार देर शाम तक खोजबिन करने के बाद भी बच्ची का शव नहीं मिला. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### मारपीट कर चाहरदिवारी तोड़ने का आरोप

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के बगदेडीह निवासी मंजू देवी, पति रामप्रसाद यादव ने थाना प्रभारी व एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों को मारपीट कर जमीन पर बने मकान की चाहरदिवारी तोड़ देने व जेवरात छीनने का आरोप लगाई है. आवेदन में कहा गया है कि बुधवार की सुबह उदय मिस्त्री, बालेश्वर मिस्त्री, महेश वर्मा, गुलाब वर्मा, द्वारिका मिस्त्री, गोवर्धन बढई, भागवत बढई, अजय मिस्त्री, भोला वर्मा, रोहन वर्मा, बहादुर सिंह, रविन्द्र सिंह, संतोष मिस्त्री, शक्ति मिस्त्री, सागर यादव समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर मेरे बने हुए मकान के चाहरदिवारी को तोड़ते हुए मेरे साथ मारपीट करते हुए गला दबा दिया. मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर गई. इसके बाद उक्त सभी लोग मेरे घर में घुसकर सारे कीमती सामान को चोरी कर लिए. वहीं मेरे गले का सोने का चैन, पायल आदि भी छीन लिया. मकान के पिलर व दीवार को ड्रिल व हेंगर मशीन से तोड़ दिया. पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है. इधर थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन मिला है जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी.

### कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री का पुतला जलाया

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार की शाम कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भारत सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड का टावर चौक पर पुतला दहन किया गया. पुतला दहन से पूर्व कांग्रेसियों ने केंद्रीय मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री को इस तरह के भाषा का उपयोग करने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करना चाहिए. साथ ही महाराष्ट्र सरकार में गठबंधन की साथी के द्वारा जो भाषा का प्रयोग किया गया है, उन्हें भी मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए. सिंह ने कहा कि रवनीत सिंह बिट्टू को राहुल गांधी ने तीन बार सांसद बनाया और इस तरह से एहसान फरामोश व्यक्ति को शर्म से डूब मरना चाहिए. कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, नरेश वर्मा, मदनलाल विश्वकर्मा, कृष्ण सिंह, राजेश तुरी, पोरेष नाथ मित्रा, अमित सिन्हा, अहमद राज नूरी, मंजू कुमारी, गुलाम मुस्तफा, जुनेद आलम, यस सिन्हा, सुलेमान अख्तर, असीम जफर, रामानंद कुशवाहा, हिमांशु सिंह, पुरुषोत्तम चौधरी, योगेश्वर महत्ता, गोपाल राय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

### संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, डीडीसी ने की बैठक

**गिरिडीह।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के सफल क्रियान्वयन व संचालन को ले समाहरणाल सभागार में बुधवार को डीडीसी स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई. बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि 21 तथा 22 सितंबर को पूर्वाहन 08:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक तीन पालियों में जिला मुख्यालय स्थित 19 तथा प्रखंड मुख्यालय स्थित 03 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी. प्रथम पाली 08:30 से 10:30 बजे, द्वितीय पाली 11:30 से 01:30 बजे तथा तृतीय पाली 03:00 बजे से 05:00 बजे तक संचालित किया जाएगा. कहा कि परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया है. सभी परीक्षा केन्द्रों में विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर दण्डाधिकारी के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी. बैग आदि अपने साथ परीक्षा हॉल में रखना वर्जित है. इसके अलावा केंद्राधीक्षक को निर्देश दिया गया कि केंद्राधीक्षक सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से परीक्षा आयोजन के उत्तरदायी होंगे. बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, गिरिडीह जिला के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

## महिला काव्य मंच की हिन्दी पखवाड़ा विशेष ऑनलाइन गोष्ठी



संवाददाता। बोकारो

महिला काव्य मंच की हिन्दी पखवाड़ा विशेष ऑनलाइन गोष्ठी संस्थापक नरेश नाज़ के संज्ञान में बोकारो इकाई ने मंगलवार को आयोजित की. डॉ निरूपमा झा अतिथि श्रोता के रूप में शामिल हुई.

गोष्ठी की शुरुआत सरस्वती वंदना से किया गया. अध्यक्ष काजल भलोटिया ने सभी का स्वागत किया और हिन्दी पखवाड़े की बधाई दी. भलोटिया ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी स्मिता से जुड़ी विषय है. इसके प्रसार और प्रचार से देश उन्नति करेगा. प्रदेश महासचिव अर्चना मिश्रा ने कहा कि हिंदी हमारी मातृ भाषा है, जो अपनापन और मिठास हिंदी में है वो किसी और भाषा में नहीं. मंच संचालन नीलम झा ने किया. इस अवसर पर ऋचा प्रियदर्शी, अमृता शर्मा, गीता कुमारी गुस्ताख, अर्चना अश्क मिश्रा, ज्योति वर्मा, क्रांति श्रीवस्तवा, जयंती सिंह, नीलम झा, सुप्रिया कुमारी, सोनी कुमारी, राबिया शेख, कोमल, रिंकू गिरी रत्न, स्मिता, एवं काजल भलोटिया ने अपनी उम्दा काव्य प्रस्तुति से कव्यधारा प्रवाहित की. उप सचिव क्रांति श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह

## हेड बॉय बने अक्षत, हेड गर्ल अदिति




संवाददाता। बोकारो

डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 6 में छात्र परिषद द्वारा अलंकरण समारोह आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदन श्रद्धानंद सदन, दयानन्द सदन, हंस राज सदन और विवेकानंद सदन के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. कार्यक्रम में 2024-25 के चयनित विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं. हेड बॉय अक्षत, हेड गर्ल अदिति, डिप्टी हेड बॉय अभय, डिप्टी हेड गर्ल वैष्णवी, वरीय वर्ग में दयानन्द सदन में कप्तान अमृत कार्तिकेय, उप कप्तान तृषा सहाय, सांस्कृतिक कप्तान श्रेयशी, खेल कूद कप्तान शशांक, हंस राज सदन में कप्तान आदिल अंसारी, उप कप्तान आराध्या आदर्श, सांस्कृतिक कप्तान आदित्य सिन्हा, खेलकूद कप्तान रोहित यादव, विवेकानंद सदन में कप्तान मान्यता आर्यन, उप कप्तान जया बी प्रीतम, सांस्कृतिक कप्तान इंदिरा जान्हवी, खेल कूद कप्तान वैभव भट्टचार्य, श्रद्धांनंद सदन में कप्तान आदित्य राज, उप कप्तान वाणी श्री, सांस्कृतिक कप्तान रिया कुमारी, खेलकूद कप्तान रौशन कुमार कनीय वर्ग के दयानन्द सदन में कप्तान प्रतीक, उप कप्तान रोहन कुमार, सांस्कृतिक कप्तान प्रियांशु कुमार, खेल कूद कप्तान आर्यन कुमार, हंस राज सदन में कप्तान नितिक प्रसाद, उप कप्तान अमन कुमार रजक, सांस्कृतिक कप्तान आदर्शी राजे, खेल कूद कप्तान शिवम् राज, विवेकानंद सदन में कप्तान आर्यन कुमार, उप कप्तान हर्ष गौतम, सांस्कृतिक कप्तान शताक्षी झा, खेल कूद कप्तान वेदांत सिंह, श्रद्धांनंद सदन में कप्तान रिया कुमारी, उप कप्तान वाणी सिंह, सांस्कृतिक कप्तान अश्विनी, खेल कूद कप्तान अजीत राज को बनाया गया.

विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बैच देकर सम्मानित किया और कहा कि वे गौतम बुद्ध और महात्मा गाँधी के दर्शन को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे. मौके पर विभिन्न गतिविधियों में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

20 सितम्बर को आयोजित रैली के लिए भाकपा, राजद ने की जनसभा

# सहारा के निवेशकों का पैसा वापस दिलाये राज्य सरकार : महमूद

संवाददाता। कसमार (बोकारो)




निवेशकों का पैसा वापस लौटने की मांग को लेकर आगामी 20 सितंबर को पेटरवार में आयोजित रैली की तैयारी को लेकर खैराचातर बाजार में बुधवार को जनसभा का आयोजन किया गया. इस दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व राष्ट्रीय जनता दल जन अभियान के संयोजक एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद ने कहा कि आम लोगों के जिंदगी भर की कमाई लूटने की निजी वित्तीय कंपनियों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छूट दे दी जाती है और इन कंपनियों से पैसा वापस करवाने की जब मांग होती है तो केंद्र सरकार अपने को तटस्थ कर लेती है. महमूद ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनुमति के बगैर 50 से अधिक लोगों से निवेश स्वीकार नहीं किया जा सकता है, किंतु सहारा समूह ने हजारों नहीं बल्कि लाखों लोगों की जिंदगी भर की कमाई सेबी के बिना अनुमति का निवेश कर लिया और केंद्र सरकार कोई कार्रवाई नहीं किया. उन्होंने कहा कि सहारा समूह के अलावा अल केमिस्ट, कोलकाता वायर, रोज वैली, साईं प्रकाश प्रॉपर्टीज डेवलपमेंट लिमिटेड, वारिस ग्रुप, अर्शदीप फाइनेंस लिमिटेड, केयर विजन इत्यादि दर्जनों वित्तीय संस्थान ने भी सहारा समूह जैसा ही लोगों को लूटने का काम किया है. उन्होंने कहा कि शहर एवं अन्य निजी वित्तीय संस्थाओं द्वारा लिया गया पैसा वापस करवाने का कानूनी दर्द दायित्व राज्य सरकार का है और इसलिए राज्य सरकार को सहारा के निवेशकों का पैसा वापस करवाने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए.

सभा में किसान सभा के नेता बढ़न महतो, महादेव महतो, आनंद कुमार सिंह, तेनुघाट विस्थापित संघ के अध्यक्ष उमा चरण रजवार, देवानंद, आदिवासी महासभा के जिला सचिव हीरालाल किस्कू, कम्युनिस्ट पार्टी के चुंबन महतो, यूथ फेडरेशन के जिला सचिव अजीत कुमार महतो, सुरेश प्रजापति के अलावा सुंदर करमाली, भीखन करमाली, पंकज कुमार मोदक इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# डीडीसी ने किया 5 मोबाइल डिमॉन्सट्रेशन वैन को रवाना

जिले में स्थापित ईवीएम डिमॉन्सट्रेशन सेंटर का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। बोकारो।



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 2024 से ईवीएम जागरुकता अभियान की शुरूआत की गई. यह अभियान आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने तक जारी रहेगा. इस अवसर पर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने पांच मोबाइल डिमॉन्सट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह वैन जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्र क्षेत्रों का भ्रमण कर आमजनों को ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) के संबंध में विस्तृत जानकारी देगी.

वहीं, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद्र सिन्हा ने जिला मुख्यालय स्थित उद्योग केंद्र परिसर में स्थापित ईवीएम डिमॉन्सट्रेशन सेंटर का भी शुभारंभ किया. इसके अतिरिक्त ईवीएम डिमॉन्सट्रेशन सेंटर जिले के दोनों अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय (बोकारो/बेरमो) परिसर में भी स्थापित किया गया है.

इस अवसर पर सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी बोकारो सत्यबाला बराला, सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी बेरमो प्रवीण कुमार, विधानसभा स्तरीय मास्ट्रर ट्रेनर, निर्वाचन कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे.

